हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
2 अप्रैल 2024, समय 1810

- भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने हरियाणा का दौरा किया और चुनाव प्रबन्धों को लेकर हरियाणा के मुख्य सचिव ने समीक्षा बैठक की।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज करनाल में भाजपा कोर कमेटी की बैठक ली।
- हरियाणा के कई जिलों में लोकसभा चुनावो के मद्देनजर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।
- पोकरण में भारतीय वायुसेना का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास 'गगन शक्ति' जारी।

..........................................................................................

हरियाणा में 25 मई को 6वें चरण में होने वाले लोकसभा के आम चुनाव के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने कल हरियाणा का दौरा किया और चुनाव प्रबन्धों को लेकर हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद की अध्यक्षता में चण्डीगढ़ में समीक्षा बैठक की। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव करवाने के लिए सुरक्षा की दृष्टि से हरियाणा ने भारत निर्वाचन आयोग से केंद्रीय सुरक्षा बलों की 200 कम्पनियों की मांग की है जिसमें से 15 कम्पनियां आ चुकी है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में 19810 पोलिंग केंद्र बनाए जाएंगे, जिनमें सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होगी। इसके अलावा, सभी पोलिंग केंद्रों का सम्बंधित जिला निर्वाचन अधिकारी दौरा कर चुके है।

इस बैठक में हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने भारत निर्वाचन आयोग की टीम को बताया कि प्रदेश में दिव्यांगजन व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए है। उन्हें घर से मतदान केंद्र तक लाने व छोडने के लिए सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अलावा, मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा में शत प्रतिशत फोटो युक्त पहचान पत्र बनाए जा चुके है।

..........................................................................................

करनाल विधानसभा से प्रत्याशी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज करनाल में भाजपा कोर कमेटी की बैठक ली। चार मंडलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए सैनी ने उन्हें पूरी ताकत के साथ चुनाव में जुट जाने की बात कही। पत्रकारों से बातचीत में नायब सिंह सैनी ने कहा की भाजपा कोर ग्रुप की मीटिंग में हमने करनाल विधानसभा उपचुनाव के साथ लोकसभा चुनाव को भारी मतों से जीतने पर चर्चा की है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दुष्यंत चौटाला को अगर कोई सरकार के राज पता है तो उन्हें इस बारे में पूछना चाहिए और बताना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जो भी योजनाएं आई हैं उन्हें धरातल पर लागू करने का काम किया है।

विपक्षी दलों द्वारा अभी तक किसी प्रत्याशी की घोषणा न किए जाने पर नायब सिंह सैनी ने कहा कि वह अभी तक तय नहीं कर पा रहे हैं कि किस पर हार का बोझ डालें। इस बात को लेकर उनके अंदर कहीं ना कहीं भय का वातावरण है।

..........................................................................................

पंचकूला जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील सारवान ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अनेक ऑनलाइन मोबाइल एप्स शुरू किए हुए हैं जो मतदाताओं के साथ-साथ उम्मीदवारों के लिए भी काफी फायदेमंद हैं। इन एप्स का प्रयोग करके मतदाता व उम्मीदवार सरलतम तरीके से घर बैठे ही चुनाव से संबंधित नवीनतम जानकारियां ले सकते है तथा अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि 18 साल का कोई भी युवा या युवती अपना वोट बनवाना चाहता है तो वह voters.eci.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग ने c-Vigil के नाम से एक मोबाइल ऐप शुरू की है। इस मोबाइल ऐप को डाउनलोड कर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता की कहीं अवहेलना हो रही है तो उसकी फोटो या वीडियो बनाकर अपनी शिकायत भेज सकता है, जिसका निवारण निर्वाचन कार्यालय की ओर से 100 मिनट के अंदर किया जाएगा।

भिवानी जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल के निर्देशानुसार प्रशासन ने जागरूकता अभियान की विशेष योजना तैयार की है। इसके लिए विगत लोकसभा चुनाव-2019 में जिला में कम मतदान वाले क्षेत्रों को चुना गया है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से दस-दस पोलिंग बूथों को चिन्हित किया गया है। इन क्षेत्रों में स्वीप अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रमों का विशेष जोर रहेगा। विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से लोगों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जाएगा।

चरखी दादरी के विभिन्न चौक-चौराहों पर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए रंगकर्मी संजय रामफल द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, वह हाथों में तख्ती लेकर विभिन्न चौराहों पर खड़े होकर  मतदान करने की अपील कर रहे है। उन्होंने बताया कि हर किसी को वोट करना चाहिए। वोट देकर हम एक ईमानदार और मजबूत सरकार चुनते हैं।  संजय रामफल की मां, पत्नी और दोस्त उनके  साथ इस मुहिम को सोशल मीडिया पर लोगों तक पंहुचा रहे है।
राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर मे लोकसभा चुनाव मे मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा मे मतदान जागरूकता के तहत कई तरह की प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम विद्यार्थियो को मतदान करने को लेकर शपथ दिलाई गई । इसके पश्चात मतदाता जागरूकता के विषय' मेरा पहला वोट देश के लिए 'पर स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग  प्रतियोगिता करवाई गई जिसमे विद्यार्थियो ने बढ- चढकर भाग लिया। अम्बाला छावनी के सहायक रिर्टनिंग अधिकारी सतिद्र सिवाच ने आज अपने कार्यालय में लोकसभा चुनाव-के दृष्टिगत फलाईंग स्क्वायड टीम, वीडियो सर्विलास टीम व स्टैटिकल सर्विलांस टीम के इंचाजों के साथ बैठक भी की ।

.......................................................................................

देश में आगामी दो-ढाई महीने में अत्यधिक गर्मी पड़ने की सम्भावना है। इसके मद्देनजर कल  नई दिल्ली में केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने विभिन्न हितधारकों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि अत्यधिक गर्मी के बीच आम चुनावों को देखते हुए राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों ने इस संबंध में व्यापक तैयारी की है। श्री रिजिजू ने कहा कि आगे आने वाला समय बहुत चुनौतीपूर्ण होगा। इसलिए मौसम की विषम परिस्थितियों को देखते हुए बडी आबादी वाले देश में पहले से तैयारी करना नितांत आवश्यक है।

.......................................................................................

मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र ने देश के मध्य, उत्तरी मैदानी इलाकों और दक्षिणी हिस्से के कई इलाकों में इन गर्मियों में अधिक समय तक लू चलने की संभावना जताई है। उन्होंने कहा कि अप्रैल से जून के बीच अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। डॉ. महापात्र ने कहा कि गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, उत्तरी कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तरी छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश में गर्मी का सबसे अधिक प्रभाव पड़ सकता है। अप्रैल में भी देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। हालाँकि, देश के पूर्वी, पूर्वोत्तर और उत्तर-पश्चिम हिस्सों के अलग-अलग इलाकों में अधिकतम तापमान सामान्य और इससे नीचे रहेगा।

.......................................................................................

राजस्थान में जैसलमेर जिले की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय वायुसेना का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास गगन शक्ति चल रहा है। यह युद्धाभ्यास कल शुरू हुआ और यह 10 अप्रैल तक चलेगा। युद्धाभ्यास में वायुसेना के सभी प्रमुख लड़ाकू विमान और अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर्स अपनी मारक क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं।

.......................................................................................................

हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने कहा कि कर्मचारियों की कार्यप्रणाली एवं दक्षता में सुधार किया जाएगा ताकि सरकारी कार्य तत्परता के साथ पूरे किया जा सके। उन्होंने कार्यालयों में पूर्ण रूप से सफाई व्यवस्था बनाए रखने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव आज हरियाणा सिविल सचिवालय में औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों की कार्यप्रणाली के बारे जानकारी ले रहे थे। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अपने कार्यालयों में पूर्ण रूप से स्वच्छता बनाए रखें। यदि उन्हें किसी प्रकार के आधारभूत संरचना की आवश्यकता है तो उस बारे तुरंत अपने उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाएं ताकि उसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।
मुख्य सचिव ने सचिवालय में कर्मचारियों की कार्य प्रणाली बारे गहनता से जाना और इसमें सुधार करने के लिए अपने सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि यदि कर्मचारी अपने कार्य में किसी प्रकार की कोताही बरतेंगे तो उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।
मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में कर्मचारियों को नैतिकता एवं सिद्धांत के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित एवं जागरूक करने हेतु कर्मयोगी कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें लगभग 3 लाख से अधिक कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाना है ताकि कर्मचारी निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें। इस प्रशिक्षण से कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में अवश्य ही सुधार आएगा। मुख्य सचिव ने राजनैतिक एवं संसदीय कार्य शाखा मुख्यमंत्री सचिवालय शाखा सहित अन्य शाखाओं का भी निरीक्षण किया।

.......................................................................................................

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि भावी पीढ़ियों को रसायन मुक्त व पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाना वैज्ञानिकों व किसानों की मुख्य प्राथमिकता है। इसके लिए उन्होंने कहा कि किसान शुरूआत में कम जगह पर प्राकृतिक खेती को अपनाए और धीरे-धीरे उसका क्षेत्रफल बढ़ाते जाएं। उन्होंने वैज्ञानिकों से आह्वान किया वे आधुनिक युग में आने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जब भी शोध करें तो विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों, पानी की उपलब्धता तथा गुणवत्ता, श्रमिकों की उपलब्धता, वर्षा, जमीन का आर्गेनिक कार्बन, खरपतवार, पूरे साल का फसल चक्र, कीट तथा बीमारियों के प्रबंधन संबंधित बातों पर मंथन जरूर करें। प्रो. काम्बोज ने आज विश्वविद्यालय में वैज्ञानिक-किसान विचार विमर्श संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिक-किसान विचार विमर्श संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक खेती कर रहे किसानों

की समस्याओं को जानकर उनका हल करना व शोध कार्यों को उनके अनुरूप बनाना है। कुलपति ने प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के उत्पादों को बेहतर मूल्य दिलवाने के लिए उपभोक्ताओं से सामंजस्य व सीधे तौर पर जुडक़र आपस में विश्वास पैदा करना जरूरी है। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से पाठ्यक्रम बनाना, अधिक से अधिक प्रशिक्षणों का आयोजन व कृषक समुदाय द्वारा तैयार किए गए कृषि मॉडल की प्रदर्शनी भी लगाने पर जोर दिया। प्राकृतिक खेती कर रहे किसान व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जिसमें वे अपनी समस्याएं व समाधान शेयर करें ताकि उसका तुरन्त एक दूसरे को लाभ पंहुच सके, साथ ही आपस में तकनीकों का भी आदान-प्रदान हो।

..........................................................................................

आज पलवल में हरियाणा भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी ने भाजपा कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उषा प्रियदर्शी ने कहा की भाजपा पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने में महिलाओं की भूमिका अहम है। पलवल जिले में भाजपा महिला मोर्चा की टीम द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। महिला मोर्चा ने संकल्प लिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। प्रधानमंत्री ने देश की महिलाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया है । उन्होंने कहा की भाजपा सरकार की नीतियों से महिलाएं खुश है। और हरियाणा में सभी 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा अपना परचम लहराएगी।

..........................................................................................